# विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )  Set-B

निर्देश— (i) सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न खण्ड—अ, ब में विभाजित है। इसमें 10 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 8 अंक निर्धारित हैं। प्रश्न क्रमांक 24 का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।

## खण्ड-अ

सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) निम्नलिखित में गद्य की प्रमुख विधा नहीं है—

(अ) जीवनी  (ब) नाटक

(स) उपन्यास  (द) निबंध।

(ii) इनका परिवार सुँघनी साहू के नाम से प्रसिद्ध था—

(अ) रामवृक्ष बेनीपुरी  (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी  (द) सरदार पूर्ण सिंह

(iii) सुमित्रानंदन पंतजी की रचना 'लोकायतन' है—

(अ) खण्डकाव्य  (ब) महाकाव्य

(स) मुस्तककाव्य  (द) चम्पूकाव्य

(iv) कम्प्यूटर की आधारभूत इकाई होती है—

(अ) साइट  (ब) बाइट

(स) पी. सी.  (द) माउस

(v) कबीर की साहित्यिक भाषा को कहा गया है—

(अ) अवधी भाषा  (ब) सधुक्कड़ी या पंचमेल खिचड़ी

(स) ब्रजभाषा  (द) पूर्वी हिन्दी।

## खण्ड ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) मधुलिका ......... को महाराज पर न्योछावर करके बिखेर देती है।

(ii) रवीन्द्रनाथ ठाकुर को उनकी कृति ......... पर साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

(iii) गुरु नानक ......... शाखा के कवि हैं।

(iv) छत्तीसगढ़ी गद्य की प्रथम रचना ......... मानी जाती है।

(v) गुप्तजी स्वदेश प्रेमी और ......... के उपासक थे।

2. साहित्यिक मीमांसकों ने वीरों के कितने प्रकार बताए हैं ? [illegible], नाम लिखिए।

3. कवयित्री महादेवी वर्मा ने सफेद कमल का हार किसे कहा है ?

4. मदर टैरेसा ने किस नाम से संस्था बनाई ?

5. एल. ए. एन. का पूर्ण रूप लिखिए।

6. गुरु घासीदास का विवाह किसके साथ हुआ था ?

7. "मातृभूमि" पाठ में प्रयुक्त छंद का नाम लिखिए।

8. शुक्लजी के अनुसार कर्मण्य व्यक्ति आनंद की अनुभूति कैसे प्राप्त करता है ?

9. कौशल-राज का कृषि महोत्सव किस प्रकार सम्पन्न होता था ?

10. "राजपूतानी व्यापार नहीं करती।" पन्ना ने ऐसा क्यों कहा ?

11. शृंगार रस को उदाहरण सहित लिखिए।

12. लेखक ने "मस्तक भंजन" किसे और क्यों कहा है ?

13. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(क) पगड़ी उछालना  (ख) कमर कसना

(ग) मुँह छिपाना।

14. डॉ. हरगोविंद खुराना की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

डॉ. सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

15. डॉ. भगवत शरण उपाध्याय **अथवा** शरद जोशी का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(क) रचनाएँ (कोई **दो**)

(ख) भाषा-शैली की **दो-दो** विशेषताएँ

(ग) साहित्य में स्थान।

16. कम्प्यूटर के विकास को एक क्रांति का नाम क्यों दिया गया है ? समझाइये।

**अथवा**

"आप चारों ओर घूमकर सभी दिशाओं में इसे फूंक दीजिए।" लेखक शरद जोशी ने ऐसा क्यों कहा ?

17. अछूत कन्या को चौके में न आने देने पर गाँधीजी ने महिलाओं को क्या सबक सिखाया ?

**अथवा**

अस्पृश्यता के संबंध में गाँधीजी के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

18. सुमित्रानंदन पंत **अथवा** संत कबीरदासजी का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(क) रचनाएँ (कोई दो)

(ख) भावपक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ

(ग) कलापक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ।

... ... ... ...ाइये।

**अथवा**

पंडवानी के कथा-गायन का केन्द्रीय चरित्र कौन है ? स्पष्ट कीजिए।

20. आपका नाम संतोष कुमार भारती है। आप शा. उ. मा. विद्यालय, अंबिकापुर में कक्षा दसवीं के छात्र हैं। अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए, जिसमें निर्धन छात्रनिधि से सहायता हेतु निवेदन किया गया हो।

**अथवा**

अपने मित्र गोपालकृष्ण को उसके अनुत्तीर्ण हो जाने पर संवेदना प्रकट करते हुए एक प्रेरक-पत्र लिखिए, जिससे वह इस बार अच्छी तैयारी के साथ उत्साहपूर्वक परीक्षा में बैठे।

21. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ में प्रसंगविशेष सहित व्याख्या कीजिए :

''जसुदा कहँू लौं कीजै कानि।
दिन प्रति कैसे सही परति है, दूध-दही की हानि।।
अपने या बालक की करनी, जौ तुम दैखौ आनि।
गोरस खाई, खबाबै लरिकनि, भाजत भाजन भानि।।
मैं अपने मंदिर के कोने, राख्यो माखन छांनि।
सोई जाई तिहारे ढौटा, लीन्हों है पहिचानि।।''

**अथवा**

पग नुपुर औ पहुँची कर कंजनि, मंजुबनी मनिमाल हिये।
नवनील कलेवर पीत झंगा झलकैं, पुलकैं नृप गोद लिये।
अरबिंद सो आनन, रूप मकरन्द अनंदित लोचन-भृंग पिये।
मन मों न बस्यौ अस बालक जौं, तुलसी जग में कल कौन जिये।।

22. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ में प्रसंगविशेष सहित व्याख्या कीजिए :

''उत्साह की गिनती अच्छे गुणों में होती है। किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निश्चय अधिकतर उसकी प्रवृत्ति के शुभ या अशुभ परिणाम के विचार से होता है। वही उत्साह जो कर्त्तव्य कर्मों के प्रति इतना सुंदर दिखाई पड़ता है, अकर्तव्य कर्मों की ओर होने पर वैसा श्लाध्य नहीं प्रतीत होता। आत्मरक्षा, पर-रक्षा, देश-रक्षा आदि के निमित्त साहस की जो उमंग देखी जाती है उसके सौन्दर्य को परपीड़न, डकैती आदि कर्मों का साहस कभी नहीं पहुँच सकता।''

**अथवा**

''जब मशीन की चपेट में आकर मैं अपाहिज हो जाता, मेरा नाम रजिस्टर से खारिज कर दिया जाता, जब मैं उसकी चोट से गिरकर फिर न उठ पाता, तब सड़क के कूड़ों में डाल दिया जाता। मेरी मृत्यु की जवाबदेही किसी को न थी न मेरे बाल-बच्चों के प्रति न मालिकों की अपनी सरकार के प्रति।''

23. ''पुरस्कार कहानी प्रेम और कर्तव्य के संघर्ष का अनूठा उदाहरण है।'' इस कथन की सत्यता प्रमाणित कीजिए।

**अथवा**

वर्षा सुन्दरी गीत में महादेवी वर्मा ने वर्षा को रूपसि की संज्ञा दी है। वर्षा और रूपसि में निहित **पाँच** समानताओं का उल्लेख कीजिए।

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए :

(क) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
(ख) जीवन में खेलों का महत्व
(ग) विज्ञान : वरदान या अभिशाप
(घ) शिक्षित बेरोजगारी : कारण और निदान
(ङ) भारतीय समाज में नारी का स्थान।

25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

''मन के सशक्त होने पर शरीर में शक्ति व स्फूर्ति आती है। यदि मन दुर्बल है तो शरीर निष्क्रिय रहेगा। यह संसार शक्तिशाली का है; शक्तिहीन का इस संसार में कोई ठौर-ठिकाना नहीं है। कायर व्यक्ति मृत्यु से पहले ही अनेक बार मरता है, कायरता का संबंध मन से है, कायरता का दूसरा नाम ही मन की हार है। परिणामतः मन की हार अत्यंत भयंकर है। मनुष्य भाग्य का निर्माता है पर कायर पुरुष नहीं।''

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ख) हमारे शरीर में शक्ति व स्फूर्ति कब आती है ?
(ग) किस व्यक्ति का इस संसार में ठौर-ठिकाना नहीं है ?
(घ) कायरता का दूसरा नाम क्या है ?
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।